भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3807

मंगलवार, दिनांक 05 अप्रैल, 2022 को उत्तर दिए जाने हेतु

अपशिष्ट आधारित ऊर्जा परियोजनाएं

3807. श्री सतीश चंद्र दुबे: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में चल रही अपशिष्ट आधारित ऊर्जा परियोजनाओं और इनमें से प्रत्येक परियोजना की विद्युत उत्पादन क्षमता का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन करने के लिए किसी कंपनी को अनुमति प्रदान की गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री

(श्री आर.के. सिंह)

(क): दिनांक 28.02.2022 की स्थिति के अनुसार, देश में नगरीय ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) से विद्युत उत्पादन के लिए कुल 132.1 मेगावाट की संचयी स्थापित क्षमता के 11 संयंत्रों की स्थापना की गई है। इन संयंत्रों में बिजली उत्पादन के लिए लगभग 11,000 टन एमएसडब्ल्यू प्रति दिन की प्रोसेसिंग क्षमता है। इन संयंत्रों का ब्यौरा अनुलग्नक-**I** पर है।

(ख) और (ग): "शहरी, औद्योगिक, कृषि अपशिष्ट/अवशिष्ट और नगरीय ठोस अपशिष्ट से ऊर्जा पर कार्यक्रम" के तहत मंत्रालय द्वारा स्वीकृत किए गए संयंत्रों सहित, दिनांक 01.04.2018 से 28.02.2022 तक की अवधि के दौरान प्रचालनरत किए गए नगरीय ठोस अपशिष्ट से विद्युत संयंत्रों का ब्यौरा अनुलग्नक-**II** पर दिया गया है।

अनुलग्नक-**I**

'अपशिष्ट आधारित ऊर्जा परियोजनाएं' के संबंध में पूछे गए दिनांक 05.04.2022 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3807 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-**I**

दिनांक 28.02.2022 की स्थिति के अनुसार, देश में स्थापित नगरीय ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) से विद्युत उत्पादन के लिए अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजनाएं

क्रम सं.	राज्य	परियोजना डेवलपर	संयंत्र का स्थान	अपशिष्ट की मात्रा (टीपीडी)	स्थापित क्षमता (मेगावाट)
1.	दिल्ली	मेसर्स तिमारपुर ओखला वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी लि. (टीओडब्ल्यूएमसीएल)	पुराना एनडीएमसी कम्पोस्ट प्लांट, ओखला, नई दिल्ली	1500	16.00
2.	दिल्ली	मैसर्स ईस्ट दिल्ली वेस्ट प्रोसेसिंग, बाराखंभा, नई दिल्ली	गाजीपुर, नई दिल्ली	1000	12.00
3.	दिल्ली	मेसर्स दिल्ली एमएसडब्ल्यू सॉल्यूशंस लि. (रामकी ग्रुप)	नरेला, दिल्ली	2000	24.00
4.	मध्य प्रदेश	मेसर्स एस्सेलइन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड	जबलपुर, मध्य प्रदेश	600	11.50
5.	महाराष्ट्र	मेसर्स सोलापुर बायो-एनर्जी सिस्टम्स प्रा. लिमिटेड	कचरा डिपो, तुलजापुर रोड, सोलापुर, महाराष्ट्र	400	3.00
6.	गोवा	मैसर्स हिन्दुस्तान वेस्ट ट्रीटमेंट प्रा. लिमिटेड	सालिगाओ, बर्देज़, गोवा	-	0.34
7.	तेलंगाना	हैदराबाद एमएसडब्ल्यू एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड	जवाहरनगर, हैदराबाद, तेलंगाना	1200	19.8
8.	हरियाणा	जेबीएम ग्रुप	हरियाणा में सोनीपत	550	8
9.	आंध्र प्रदेश	मैसर्स जिंदल अर्बन वेस्ट मेनेजमेन्ट (गुंटूर) लिमिटेड	कोंडाविदु गांव, गुंटूर, आंध्र प्रदेश	1600	15
10.	गुजरात	मैसर्स गुडवाट्स डब्ल्यूटीई जामनगर प्राइवेट लिमिटेड	गांव: नवागाम (घेड), तालुका एवं जिला-जामनगर	400	7.5
11.	आंध्र प्रदेश	मैसर्स जिंदल अर्बन वेस्ट मेनेजमेन्ट (विजाग) लि.	विजाग, आंध्र प्रदेश	1600	15
कुल योग				108,50	132.1

अनुलग्नक-**I**

'अपशिष्ट आधारित ऊर्जा परियोजनाएं' के संबंध में पूछे गए दिनांक 05.04.2022 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3807 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-**II**

'शहरी, औद्योगिक, कृषि अपशिष्ट/अवशिष्ट और नगरीय ठोस अपशिष्ट से ऊर्जा पर कार्यक्रम' के तहत मंत्रालय द्वारा स्वीकृत किए गए संयंत्रों सहित दिनांक 1.04.2018 से 28.02.2022 की अवधि के दौरान प्रचालनरत किए गए नगरीय ठोस अपशिष्ट से विद्युत संयंत्र

क्रम सं.	राज्य	परियोजना डेवलपर	संयंत्र का स्थान	अपशिष्ट की मात्रा (टीपीडी)	स्थापित क्षमता (मेगावाट)	मंत्रालय द्वारा स्वीकृत सीएफए (करोड़ रु. में)
1.	आंध्र प्रदेश	मेसर्स जिंदल अर्बन वेस्ट मैनेजमेंट (गुंटूर) लिमिटेड	कोंडावीदु गांव, गुंटूर, आंध्र प्रदेश	1600	15	50.00
2.	आंध्र प्रदेश	मेसर्स जिंदल अर्बन वेस्ट मैनेजमेंट (विजाग) लिमिटेड	विजाग, आंध्र प्रदेश	1600	15	50.00
3.	गुजरात	मैसर्स गुडवाट्स डब्ल्यूटीई जामनगर प्राइवेट लिमिटेड	गांव : नवागाम (घेड), तालुका एवं जिला: जामनगर	400	7.5	-
4.	तेलंगाना	हैदराबाद एमएसडब्ल्यू एनर्जी सॉल्यूशंस प्रा. लि.	जवाहरनगर, हैदराबाद, तेलंगाना	1200	19.8	-
5.	हरियाणा	जेबीएम ग्रुप	हरियाणा में सोनीपत	550	8	-
कुल योग				5350	65.3	100.00

*****